शुक्रवार
15 दिसंबर 2023

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज

भूसी की आड़ में हो रही थी शराब तस्करी
1 करोड़ की शराब के साथ दो गिरफ्तार
3

सीएम नीतीश कुमार की 24 को बनारस में होने वाली रैली स्थगित

केटी न्यूज/पटना

24 दिसंबर को वाराणसी के रोहनिया विधानसभा क्षेत्र में होनेवाली सीएम नीतीश कुमार रैली स्थगित हो गई है। कार्यक्रम के स्थगन की जानकारी बिहार सरकार के मंत्री जमा खान ने दी। उन्होंने कहा कि जल्द ही अगली तारीख का एलान किया जाएगा।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की वाराणसी यात्रा रद्द होने के साथ ही इस पर सियासत गरमा गई है। भारतीय जनता पार्टी के नेता लगातार उनपर हमला बोल रहे हैं। भाजपा सांसद और फिल्म स्टार रवि किशन ने उनपर बड़ा हमला बोला है। रवि किशन ने मीडिया से बातचीत के दौरान भोजपुरी में सीएम नीतीश कुमार को चैलेंज भी कर दिया। उन्होंने कहा कि आव फरिया ल नीतीश बाबू, ई महादेव की नगरी में...जो होई देखल जाई। सांसद रवि किशन ने कहा कि बनारस महादेव की नगर हैं। यहां कण-कण में शिव हैं। मैं क्षमा के साथ कहना चाहता हूं कि क्योंकि नीतीश कुमार बड़े लीडर हैं।

गिरिराज सिंह ने सीएम नीतीश कुमार को चुनौती दी: इधर, भाजपा के फायर ब्रांड और केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गिरिराज सिंह ने सीएम नीतीश कुमार को चुनौती दे दी। कहा कि मैं मुख्यमंत्री को चुनौती देता हूं कि वह बनारस रैली में नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ने का एलान करें। अगर वह ऐसा करते हैं तो इंडी गठबंधन उन्हें पीएम कैंडिडेट भी मान लेगा।

संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर लोकसभा में भारी हंगामा, 15 सांसद निलंबित

♦ आसन की अवमानना के मामले में सांसदों को सत्र की शेष अवधि के लिए सदन से किया गया निलंबित

एजेंसी/नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्षी सदस्यों ने संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर सरकार से जवाब की मांग करते हुए गुरुवार को भारी हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजकर करीब 10 मिनट पर तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। हंगामेदार रहे इस दिन में कुल 15 सांसदों को निलंबित किया गया। जिसमें 14 लोकसभा के और एक राज्यसभा से हैं। इन सभी सांसदों को आसन की अवमानना करने के मामले में सत्र की शेष अवधि के लिए सदन से निलंबित कर दिया गया। एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे सदन की बैठक शुरू हुई तो विपक्षी

सदस्य पहले की तरह ही अपने स्थान पर खड़े होकर बुधवार की घटना को लेकर हंगामा करने लगे।

संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि हम सब सहमत हैं कि कल की दुर्भाग्यपूर्ण घटना लोकसभा सदस्यों की सुरक्षा में गंभीर चूक थी। उन्होंने कहा कि इस मामले में लोकसभा अध्यक्ष के निर्देश पर उच्चस्तरीय जांच शुरू कर दी गई है। जोशी ने कहा कि इस मुद्दे पर किसी भी सदस्य से राजनीति की अपेक्षा नहीं की जाती, हमें दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि संसद में सुरक्षा में चूक की इस तरह की घटनाएं पहले भी होती रही हैं और उस समय के लोकसभा अध्यक्षों के निदेर्शानुसार मुद्दों पर कार्रवाई की जाती रही है।संसदीय कार्य मंत्री ने शोर-शराबा कर रहे विपक्षी सदस्यों से कार्यवाही आगे बढ़ाने का आग्रह किया।उन्होंने आसन की अवमानना करने को लेकर कांग्रेस सदस्यों टी एन प्रतापन, हिबी इडेन, जोतिमणि, रम्या हरिदास और डीन कुरियाकोस को चालू सत्र की शेष अवधि के निलंबित करने का प्रस्ताव रखा, जिसे सदन ने ध्वनिमत से स्वीकृति दे दी। इसके बाद पीठासीन सभापति भर्तृहरि महताब ने कार्यवाही दोपहर तीन बजे तक स्थगित कर दी।

इससे पहले सुबह 11 बजे जब सदन की बैठक शुरू हुई तो विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी शुरू कर दी। उन्होंने ह्यगृहमंत्री इस्तीफा दोह्ल के नारे लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। अध्यक्ष ओम बिरला ने सदस्यों से हंगामा न करने का अनुरोध करते हुए कहा कि संसद परिसर की सुरक्षा लोकसभा सचिवालय की जिम्मेदारी है।उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संसद की सुरक्षा सरकार का नहीं, बल्कि हमारा अधिकार क्षेत्र है।

संसद की सुरक्षा का सरकार से कुछ लेना देना नहीं: बिरला ने कहा कि कल जो घटना घटी है उसे लेकर हम सब चिंतित हैं और संसद की सुरक्षा की जिम्मेदारी लोकसभा सचिवालय की होती है... हमने संसद की सुरक्षा के मसले पर कल चर्चा की थी और आगे फिर चर्चा करेंगे। सुरक्षा की सारी जिम्मेदारी लोकसभा सचिवालय की है। उन्होंने कहा कि संसद की सुरक्षा से सरकार का कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि गलत परिपाटी मत डालिए।

राजनाथ सिंह ने की सुरक्षा में चूक की निंदा: सदन के उपनेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सभी को सुरक्षा चूक के मामले की निंदा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें सावधान रहने की जरूरत है। केवल सत्तापक्ष ही नहीं बल्कि विपक्ष के सदस्यों को भी ध्यान रखना चाहिए कि अराजकता पैदा करने वालों को पास न मिले। कहा कि सदन में हंगामे की स्थिति पैदा करने की जरूरत नहीं है।

बिहार बिजनेस कनेक्ट-2023 में प्रणव अडानी ने की घोषणा

खुशखबरी... अडानी ग्रुप बिहार में करेगा 8700 करोड़ का निवेश

♦ प्रणव अडाणी बोले- निवेश से 10 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार
♦ दो दिवसीय सत्र में मौजूद रहे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

एजेंसी/नई दिल्ली

बिहार के लोगों के लिए खुशखबरी है। अडानी समूह ने बिहार में 8,700 करोड़ रुपये निवेश करने की घोषणा की है। कई सेक्टर में निवेश करने से राज्य के लगभग 10 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। इस तरह से जो लोग नौकरी की तलाश कर रहे हैं वे रोजगार पा सकेंगे। अडानी एंटरप्राइजेज के डायरेक्टर प्रणव अडानी ने पटना में आयोजित दो दिवसीय बिहार बिजनेस कनेक्ट 2023 सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को यह घोषणा की। दरअसल, नीतीश सरकार बिहार के लोगों को रोजगार देने के वादे को पूरा करने के लिए अवसर की तलाश में है। राज्य सरकार चाहती है कि बड़े-बड़े बिजनेस मैन बिहार में निवेश करें, जिससे वहां के लोगों के लिए रोजगार के अवसर खुलें। इसी सिलसिले में बिहार बिजनेस कनेक्ट 2023 का आयोजन किया गया था। दो दिन के इस सत्र में नीतीश कुमार भी मौजूद थे। इस दौरान अडानी ने कहा कि हमारा ग्रुप पहले से ही बिहार में 850 करोड़ रुपये के निवेश के साथ काम कर रहा है। इसके अलावा हम इस राज्य में सीमेंट निर्माण, लॉजिस्टिक और कृषि के क्षेत्र में 8,700 करोड़ रुपये का इन्वेस्टमेंट करने वाले हैं।

प्रणव अडानी ने कहा कि ग्रुप बिहार के कई सेक्टर में 8,700 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। इससे लगभग 10 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि देश में बिहार राज्य इन्वेस्टमेंट के नजरिए से एक बेहतर राज्य है। अडानी समूह पहले से ही बिहार में लॉजिस्टिक, गैस वितरण और कृषि-लॉजिस्टिक में निवेश कर चुका है। ग्रुप के निवेश की योजना के बारे में जानकारी देते हुए प्रणव ने कहा कि गोदाम या भंडारण क्षेत्र में उनकी कंपनी 1,200 करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बना रही है। इससे 2,000 लोगों के लिए रोजगार के अवसर खुलेंगे। गोदाम का काम पूर्णिया, बेगुसराय, दरभंगा, समस्तीपुर, किशनगंज और अररिया जिले में होगा। उन्होंने आगे कहा कि उनकी कंपनी गया और नालंदा में अपने शहरी गैस वितरण नेटवर्क को बढ़ाने के लिए 200 करोड़ रुपये निवेश करेगी। कंपनी कम्प्रेस्ड बॉयोगैस और ईवी चार्जर का काम शुरू करने की भी योजना बना रही है।

देश-विदेश की कई नामचीन कंपनियों ने बताई निवेश की योजना

दो दिवसीय इस बिजनेस समिट में देश-विदेश से कई नामचीन कंपनी आए और बिहार में निवेश की योजना बताई। अडानी समूह ने गुरुवार को बिहार में सीमेंट मैन्युफैक्चरिंग, लॉजिस्टिक और कृषि-उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में 8,700 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश करने की घोषणा की। पटना में गुरुवार को संपन्न दो दिन के ग्लोबल इन्वेस्टर शिखर सम्मेलन ह्यबिहार बिजनेस कनेक्ट-2023ह्ल के दौरान अडानी एंटरप्राइजेज के निदेशक प्रणव अडानी ने कहा कि हमारा समूह बिहार में 850 करोड़ रुपये के निवेश के साथ पहले से काम कर रहा है। वहीं नाहर ग्रुप इंडस्ट्री के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक कमल ओसवाल, एएमडी के चीफ इंफॉर्मेशन ऑफिसर हंसमुख रंजन ने बिहार में अपनी-अपनी कंपनियों द्वारा किए जा रहे निवेश के संबंध में विस्तृत जानकारी दी और सभी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा बिहार में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। शिक्षा, नारी सशक्तीकरण, सोशल रिफॉर्म, लॉ एंड ऑर्डर, इंफ्रास्ट्रक्चर और कृषि क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रों में किए जा रहे विकास कार्यों की चर्चा की और कहा कि बिहार में काफी बदलाव आया है और यहां निवेश के लिए अनुकूल माहौल है। हमलोग बिहार सरकार का शुक्रिया अदा करते हैं कि बिहार में उद्योग लगाने के लिए हमलोगों को मौका दे रही है।

इन कंपनियों के साथ निवेश प्रस्ताव को लेकर एमओयू पर साइन

कार्यक्रम के दौरान उद्योग विभाग एवं प्रमुख कंपनियों के बीच बिहार में निवेश प्रस्ताव से संबंधित एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुआ और एक-दूसरे को हस्तांतरित किया गया जिसमें प्रमुख रूप से भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन कंपनी, पटेल एग्री इंडस्ट्री, हॉलटेक इंटरप्राइजेज कंपनी, इंडो-यूरोपियन हर्ट हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूशन, देव इंडिया प्रोजेक्ट शामिल है।

स्कूल के 15 किमी के दायरे में शिक्षकों रखना होगा अपना आवास नहीं तो रुकेगा वेतन

पटना। बिहार के शिक्षकों के लिए शिक्षा विभाग की ओर से नया फरमान जारी हुआ है। जारी आदेश में कहा गया है कि स्कूल के 15 किलोमीटर के दायरे में शिक्षक अपना आवास रखें। ऐसा नहीं करने पर फरवरी 2024 से उनका वेतन रोक दिया जाएगा। शिक्षा विभाग की ओर से जारी किए गए पत्र में बताया गया है कि प्रतिदिन 40 हजार सरकारी स्कूलों का निरीक्षण हो रहा है। निरीक्षण के दौरान पाया गया है कि कई शिक्षक स्कूल में देरी से पहुंचते हैं और विद्यालय की अवधि के पूर्व ही घर की ओर निकल जाते हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि शिक्षकों का आवास स्कूलों से काफी दूरी पर है। शिक्षा विभाग की ओर से इस समस्या को खत्म करने के लिए यह आदेश जारी किया गया है। अब इस नए आदेश ने शिक्षकों की टेंशन बढ़ा दी है। सबसे अधिक परेशानी उन शिक्षकों को होगी जो घर दूर होने के बावजूद बच्चों को पढ़ाने स्कूल पहुंचते थे।

शिक्षा विभाग का मानना है कि इस आदेश से शिक्षक समय पर स्कूल आ जा सकेंगे और उनको कोई असुविधा भी नहीं होगी। वहीं आदेश में यह भी कहा गया है कि 31.1.2024 से पहले शिक्षक शपथ पत्र दें कि वह जिस स्कूल में पढ़ाते हैं उसके 15 किलोमीटर के दायरे में रहेंगे वरना 1.2.2024 से वेतन रोक दिया जाएगा। शिक्षा विभाग ने अपने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को आदेश दिया है कि अपने जिलों के प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक के शिक्षकों को यह सूचित कर दीजिए कि विद्यालय के प्रखंड मुख्यालय या विद्यालय के 15 किलोमीटर के दायरे में ही आवास रखना है। यह आदेश नवनियुक्त शिक्षक एवं नियोजित शिक्षकों पर भी लागू होगा।

जेल में बंद आईपीएस आदित्य को बड़ी राहत हाईकोर्ट ने रद्द किया शराब कांड का एफआईआर

केटी न्यूज/गोरखपुर

फतेहपुर शराब कांड में जेल में बंद निलंबित आईपीएस अधिकारी आदित्य कुमार को पटना हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। आईपीएस अधिकारी आदित्य कुमार की तरफ से दायर अपील पर सुनवाई करते हुए जस्टिस सत्यव्रत वर्मा की कोर्ट ने उनके खिलाफ फतेहपुर शराब कांड में दायर केस को रद्द कर दिया है। आईपीएस अधिकारी की अपील पर बुधवार को सुनवाई करते हुए कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था जिसे गुरुवार को सुनाया गया।

साल 2021 के मार्च महीने में गया की फतेहपुर पुलिस ने शराब का कारोबार करने वाले गिरोह के कुछ अपराधियों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार बदमाशों की निशानदेही पर पुलिस ने शराब की बड़ी खेप को भी जब्त किया था। इसके कुछ दिनों

बाद पुलिस ने कार से शराब की दूसरी खेप को पकड़ा था। इन दोनों ही मामलों में न तो जब्ती की सूची बनाई गई और ना ही कोई केस दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस ने दो भाइयों को कई एटीएम कार्ड के सा गिरफ्तार किया था लेकिन थानेदार ने जब्ती की सूची नहीं बनाई थी।

इस दौरान निलंबित आईपीएस अधिकारी आदित्य कुमार गया के एसएसपी थे जबकि अमित लोढ़ा वहां के आईजी हुआ करते थे। इस मामले को लेकर दोनों अधिकारियों के बीच ठन गई थी। तब आईजी अमित लोढ़ा ने पुलिस मुख्यालय को रिपोर्ट भेजी थी। पुलिस मुख्यालय ने मामले की जांच के आदेश दिए और फतेहपुर थाने में शराब कांड को लेकर तत्कालीन एसएसपी आदित्य कुमार और थानेदार संजय कुमार के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। इसके बाद मामले में आईपीएस आदित्य कुमार ने सरेंडर कर दिया था, जिसके बाद कोर्ट ने उन्हें जेल भेज दिया था। इस बीच उन पर यह भी आरोप लगा कि उन्होंने शराब कांड मामले को खत्म कराने के लिए पटना हाईकोर्ट के तत्कालीन चीफ जस्टिस के नाम पर राज्य के पूर्व डीजीपी एसके सिंघल को व्हाट्सएप कॉल किया था। इस मामले में पूर्व डीजीपी के बयान पर आर्थिक अपराध इकाई ने आदित्य कुमार के खिलाफ केस दर्ज किया था।



उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की नियमावली में परीक्षा संबंधी नियमों का किया गया उल्लेख

शिक्षक भर्ती के इंटरव्यू में अनिवार्य रूप से मिलेंगे 40% अंक

केटी न्यूज/लखनऊ

उत्तर प्रदेश में अध्यापकों और अनुदेशकों की भर्ती प्रक्रिया में लिखित परीक्षा के आधार पर साक्षात्कार के लिए आमंत्रित अभ्यर्थियों को न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक दिया जाना अनिवार्य होगा। वहीं साक्षात्कार में अधिकतम 90 प्रतिशत तक अंक दिए जा सकेंगे। उत्तर प्रदेश में शिक्षकों की भर्ती के लिए गठित उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की नियमावली में इसका उल्लेख किया गया है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने प्रदेश में योग्य एवं सक्षम अध्यापकों, प्रशिक्षकों का निष्पक्ष और पारदर्शी चयन सुनिश्चित करने के लिए आयोग का गठन किया गया है। इसी क्रम में नियमावली से संबंधित अधिसूचना जारी की गई है। इसमें परीक्षा प्रणाली से संबंधित नियमों का जिक्र किया गया है। यह आयोग प्रदेश में बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा से लेकर व्यावसायिक शिक्षा के अनुदेशकों तथा सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक कॉलेजेज के शिक्षकों की भर्ती के लिए परीक्षा आयोजित करेगा।

रिक्तियों की संख्या के 3 से 5 गुने तक अभ्यर्थी दे सकेंगे साक्षात्कार: परीक्षा से संबंधित नियमावली में कहा गया है कि योग्य एवं सक्षम शिक्षकों की भर्ती के लिए लिखित परीक्षा के आधार पर साक्षात्कार हेतु आमंत्रित अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए विहित अंको में से न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक दिया जाना अनिवार्य होगा तथा यथासंभव 90 प्रतिशत तक अधिकतम अंक दिए जा सकते हैं। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों में से, एक दिन में एक बोर्ड में साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों की संख्या एवं प्रतिदिन संचालित होने वाले बोर्ड की संख्या परीक्षा समिति द्वारा आवश्यकतानुसार तय की जाएगी। इसके अलावा, लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों में से साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या रिक्तियों की संख्या के 3 से 5 गुने तक होगी। कटआफ प्राप्त करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

समान अंकों पर अपनाई जाएगी ये प्रक्रिया: अध्यापक अथवा अनुदेशक के जिन पदों पर साक्षात्कार लिया जाना आवश्यक है, उसमें आयोग लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंकों को जोड़कर मेरिट लिस्ट जारी करेंगे। जहां केवल लिखित परीक्षा होनी है उसमें आयोग मात्र लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट लिस्ट का पैनल तैयार करेगा। यदि एक से अधिक अभ्यर्थियों की मेरिट समान हो तो ऐसी स्थिति में सर्वप्रथम लिखित परीक्षा के अंक देखे जाएंगे तथा लिखित परीक्षा के भी अंक समान होने पर साक्षात्कार में प्राप्त अंको को देखा जाएगा। दोनों के भी अंक समान होने पर अनिवार्य अर्हता का अधिकतम प्रतिशत (जेआरएफ, नेट, पीएचडी) को देखा जाएगा एवं सभी समान होने पर अंत में स्नातकोत्तर के प्राप्तांक देखे जाएंगे। यदि लिखित परीक्षा, साक्षात्कार तथा अनिवार्य अर्हता के प्रतिशत अंक समान हैं तो उस अभ्यर्थी का नाम जो अधिक आयु का हो, उसे प्राथमिकता दी जाएगी।

पद ग्रहण नहीं कर पाने पर पेश करना होगा अभ्यावेदन: आयोग द्वारा चयनित अभ्यर्थी यदि त्रुटिपूर्ण अधियाचन या सेवा काल में मृत किसी कर्मचारी के आश्रित की नियुक्ति या उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय के किसी आदेश अथवा पद समाप्ति के कारण आवंटित संस्था में पद ग्रहण नहीं कर सका, तो ऐसे अभ्यर्थी के समायोजन के लिए अलग-अलग प्रक्रिया अपनाई जाएगी। ऐसे चयनित अभ्यर्थी को प्रभार ग्रहण न करने के कारणों का उल्लेख करते हुए अपना अभ्यावेदन निदेशक के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। निदेशक अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किए गए अभ्यावेदन पर विस्तृत जांच करने के पश्चात त्रुतिपूर्ण अधियाचन प्रेषित करने के लिए उत्तरदायी संस्था या नियुक्ति प्राधिकारी के विरुद्ध उत्तरदायित्व निर्धारित करेगा और चयनित अभ्यर्थी के समायोजन के लिए अपनी संस्तुति रिपोर्ट आयोग को प्रेषित करेगा। निदेशक की रिपोर्ट और संस्तुति के आधार पर आयोग चयनित अभ्यर्थी का समायोजन करेगा।

अपराधियों की रफ्तार रोकने को आरा के इंट्री प्वाइंट पर बने पांच नये चेक पोस्ट

- एक अधिकारी और चार जवान चेक पोस्ट पर किये गये तैनात, वाहनों की जांच के साथ रखेंगे निगरानी
- कुल्हड़िया, धरहरा, जीरो माइल, गांगी और वामपाली के पास बनाये गये चेक पोस्ट

केटी न्यूज/आरा

आरा में क्राइम कर भागना और बाहर से आना अपराधियों के लिए मुश्किल होगा। वजह यह कि शहर के इंट्री प्वाइंट पर अब पुलिस का पहरा सख्त हो गया है। उसके लिए शहर के आसपास पांच जगहों पर नये चेक पोस्ट बनाये गये हैं। बुधवार को चेक पोस्ट ने काम करना भी शुरू कर दिया है। चेक पोस्ट पर चार की संख्या में सशस्त्र पुलिस बल और लाठी बल के साथ अफसर भी तैनात किये गये हैं। सभी चेक पोस्ट पर वॉकी-टॉकी भी उपलब्ध करा दिया गया है। नये चेक पोस्ट आरा-पटना फोरलेन पर कुल्हड़िया टोल प्लाजा, वामपाली, आरा-पटना बाइपास पर धरहरा स्थित चांदी मोड़, गांगी पुल और आरा-सासाराम स्टेट हाइवे पर जीरो माइल के पास स्थापित किये गये हैं। सभी चेक पोस्ट चौबीस घंटे कार्यरत रहेगा। वहां तैनात अधिकारी और जवान वाहनों की चेकिंग के साथ आने जाने वाले सभी असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखेंगे। इसका मुख्य उद्देश्य जिले में विधि-व्यवस्था के साथ अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों पर बेहतर नियंत्रण रखना है।

एसपी प्रमोद कुमार यादव द्वारा बुधवार को प्रेस बयान जारी कर यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि विधि-व्यवस्था बहाल रखने और अपराधियों व असामाजिक तत्वों पर बेहतर नियंत्रण के लिए पांच जगहों पर चेक पोस्ट आरंभ किये जा रहे हैं। चेक पोस्ट पर एक अधिकारी के साथ चार पुलिस कर्मी प्रतिनियुक्ति किये गये हैं। उनमें सशस्त्र पुलिस बल के साथ लाठी बल भी शामिल हैं। पांचों चेक पोस्ट पर वॉकी-टॉकी भी प्रदान किया गया है। ताकि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर किसी भी स्थिति में त्वरित गति से मैसेज का आदान-प्रदान किया जा सके। एसपी की ओर से कहा गया है कि चेक पोस्ट पर तैनात पुलिस कर्मियों का काम प्रतिदिन शहर से आने-जाने वाले अपराधी तत्वों पर निगरानी रखने के साथ वाहनों की जांच करना है। ताकि अपराधियों पर लगाम लगायी जा सके। एएसपी चंद्र प्रकाश सभी चेक पोस्ट की मॉनिटरिंग करेंगे। वामपाली में चेक पोस्ट के शुरूआत करने के मौके पर एएसपी चंद्रप्रकाश और गजराजगंज ओपी इंचार्ज हरि प्रसाद शर्मा सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

एक नजर

पुण्यतिथि पर याद किए गए समाजसेवी स्व रामजन्म सिंह, दी गई श्रद्धांजलि

औरंगाबाद। गोह प्रखंड के पिपराही गांव में गुरुवार को समाजसेवी दिवगंत रामजन्म सिंह के 19वीं पुण्यतिथि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपस्थित सज्जनों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प और श्रद्धा सुमन अर्पित किया। वहीं इसके बाद दो मिनट का मौन रखकर दिवगंत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। इस मौके पर उपस्थित जिप प्रतिनिधि श्यामसुंदर ने कहा कि आज सामाजिक शक्ति और उत्साह का लोप होते जा रहा है लोग सच्चे दिल से गरीब लाचार व्यक्तियों को सेवा नही कर पाते बल्कि छल और प्रपंच का सहारा लेकर अपने हित की बात सोचते है। जरूरत है आज स्व रामजन्म सिंह जैसे समाजसेवी के विचारों पर चलकर समाज में बेसहारा कमजोर लोगों को हक अधिकार व मान सम्मान की रक्षा करने के लिए हर सब्बल पुरुष को तत्पर रहना चाहिए। स्व सिंह ने अपने जीवन काल में सर्व प्रथम उस वक्त गांव देहात में शिक्षा का घोर अभाव था तो लोगो को शिक्षित बनाने के लिए अपनी निजी जमीन सरकार को रजिस्ट्री कर विद्यालय का निर्माण कराया। फलस्वरूप विद्यालय से पढ़कर ग्रामीण छात्र कर्मचारी से अधिकारी तक बन बैठे। उन्होंने अपने पूरे जीवन काल में शोषण और जुल्म के खिलाफ लड़ाई लड़ते रहे एवं गरीब लाचार को सहयोग करते रहे। इस दौरान मुखिया प्रतिनिधि कर्ण आर्य शिक्षक जेपी सिंह, धनेश्वर सिंह अरविंद सिंह, रामाशीष सिंह, मुनेश्वर सिंह, विजय सिंह, लालमोहन सिंह, महेंद्र सिंह, इंद्रजीत कुमार, सुजीत कुमार, सुबोध कुमार आदि उपस्थित रहे।

मुखिया ने अपने समर्थकों के साथ की पत्रकार की पिटाई, जख्मी, मामला दर्ज

औरंगाबाद। कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत परता के मुखिया श्याम बिहारी राय एवं एक न्यूज पोर्टल के पत्रकार आलोक शर्मा के बीच मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। यह घटना गुरुवार की सुबह दस बजे परता गांव की है। इस घटना को दोनों पक्ष ने अंबा थाना में आवेदन दिया है। आलोक शर्मा ने बताया कि वे स्कूटी से अपने पुत्र अंबुज कुमार के साथ गेहूं पिसवाने भलुवाड़ी खुर्द गए थे। वापस लौटने के क्रम में मृत्युंजय राय के घर के पास श्याम बिहारी राय, नवनीत कुमार राय एवं मुखिया के समर्थकों ने लाठी-डंडों से प्रहार कर दिया। श्री शर्मा ने बताया कि इस दौरान मुखिया एवं उनके समर्थकों द्वारा घातक हथियार से भी हमला करने का प्रयास किया गया। मुखिया के पुत्र नवनीत कुमार अपने घर से पिस्तौल लेकर आया और फायर करने का प्रयास किया, जिसे कुछ ग्रामीणों ने रोक दिया अन्यथा कोई बड़ी घटना हो सकती थी। उन्होंने कहा कि आकाश कुमार ने मुखिया के कार्यों और उनकी पुत्रवधू के फर्जी प्रमाण पत्र शिक्षक नियोजन के जांच की मांग की थी। मैंने उस खबर को अपने पोर्टल पर चलाया था। खबर चलाने के विरुद्ध मुखिया ने मेरे ऊपर फर्जी एससी-एसटी मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने कहा कि स्कूटी पर मेरे साथ मेरा बेटा अंबुज कुमार भी बैठा हुआ था। जब उसने मुझे बचाने का प्रयास किया तो उसके साथ भी मारपीट की गई और और मोबाइल छीनकर घटना के वीडियो को डिलीट कर दिया। मुखिया एवं मुखिया पुत्र ने मुझे कंप्लेंट वापस लेने का धमकी दिया है। वहीं मुखिया श्याम बिहारी राय ने कहा कि परता गांव में नाली निर्माण एवं मरम्मती कार्य करा रहे थे। गुरुवार की सुबह आलोक कुमार अपने पुत्र अंबुज कुमार के साथ उक्त स्थल पर आकर फोटो लेने लगे और कहा कि कई बार चेतावनी देने के बावजूद हमसे पूछे बिना काम लगा दिया। उन्होंने जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करते हुए 2 दिन के अंदर पैसा नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि तुम्हारा दिन अब खत्म हो चला है। इस दौरान आलोक शर्मा और उनके पुत्र ने लाठी से मारा, जिससे मेरे हाथ में सूजन है वहीं दाहिना हाथ के दो उंगली कट गया है।

दिव्यांगों के बीच ट्राय साइकिल का वितरण

जहानाबाद। जहानाबाद सामाजिक कल्याण विभाग द्वारा कैंप लगाकर दिव्यांगों के बीच साइकिल वितरण किया गया। डीएम रिची पांडे ने बताया कि 122 दिव्यांगों लोगों आवेदन दिया जिसमें 63 लोगों की आवेदन स्वीकृत किया गया है। 36 दिव्यांग लोगों को ट्राई साइकिल वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि जो लोग शेष बाकी रह गए हैं ,पैसा आने के बाद तुरंत उनको भी ट्राई साइकिल उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर सदर के विधायक सुदय यादव भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि नीतीश एवं तेजस्वी की सरकार मैं धन्यवाद देता हूं कि दिव्यांगों को बैटरी पर संचालित होने वाला ट्राई साइकिल उपलब्ध कराया गया। जो दिव्यांगों रोजगार करते है उन्होंने आने जाने से कठिनाई का सामना करना पड़ता है साइकिल मिल जाने से काफी सुविधा होगा। उन्होंने कहा कि जिलेबासी के दिव्यांगों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग भी साइकिल नहीं ले पाए हैं, वह आवेदन करें और सभी लोगों को बैटरी वाले या हाथ से चलने वाले साइकिल उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए अगर सरकार से विशेष पैसे की भी आवश्यकता होगी तो जिले को आवंटित किया जाएगा।

खबरें फटाफट

हत्या का आरोपित चढ़ा पुलिस के हत्थे

औरंगाबाद। हत्या के आरोप में एक अभियुक्त को बारुण थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़ा गया अभियुक्त थाना क्षेत्र के बगनाहा गांव निवासी रंजन कुमार हैं। विदित हो कि गत बुधवार को मामूली विवाद में मारपीट के दौरान उस गांव निवासी रंजीत कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। इसके बाद उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जहां उसकी मौत हो गई थी। मामले में मृतक के परिजनों ने 10 लोगों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज.करवाया था जिसमें छानबीन के दौरान यह आरोपित पकड़ा गया। थानाध्यक्ष शमीम अहमद ने बताया कि हत्या के आरोप में 10 लोगों को नामजद आरोपित बनाया गया है जिसमें एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है।

कार से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त, तस्कर फरार

औरंगाबाद। एक कार से अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप अंबा थाना की पुलिस द्वारा बरामद किया गया है। जबकि तस्कर फरार हो गया। संदर्भ में कांड दर्ज.कर कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह ने बताया कि देर शाम थाना क्षेत्र के ढूंढा गांव के समीप नहर पर संदेह के आधार पर एक कार को रूकने का इशारा किया गया लेकिन तस्कर पुलिस को देख फरार हो गया। तलाशी के क्रम में कार से 381.97 लीटर अंग्रजी शराब बरामद किया गया है।

कृष्णगढ़ ओपी क्षेत्र के गुंडी स्थित हाई स्कूल की गुरुवार सुबह की घटना

स्कूल में हथियार दिखा बच्चों को धमका रहा बदमाश गिरफ्तार, देसी कट्टा बरामद

- स्कूल के हेडमास्टर के बयान पर युवक के खिलाफ दर्ज कराई गयी प्राथमिकी
- हेडमास्टर, शिक्षकों और बच्चों के सहयोग से पकड़ा गया बदमाश

केटी न्यूज/डुमरांव

कृष्णगढ़ ओपी क्षेत्र के गुंडी गांव स्थित हाई स्कूल में हथियार दिखा बच्चों को धमका रहे एक बदमाश को गिरफ्तार किया गया है। हेडमास्टर, शिक्षकों और बच्चों के सहयोग से उसे पकड़ा गया। वह गुंडी गांव निवासी योगेंद्र यादव का पुत्र दीपू यादव है। उसके पास से एक देसी कट्टा बरामद किया गया है। घटना गुरुवार की सुबह उत्क्रमित हाई स्कूल की है। इसे लेकर स्कूल के हेडमास्टर योगेंद्र प्रसाद सिंह के बयान पर युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से प्रेस बयान जारी कर यह जानकारी दी गयी है। उन्होंने बताया कि गुरुवार की सुबह गुंडी गांव स्थित उत्क्रमित हाई स्कूल में प्राथना के बाद पढ़ाई हो रही थी। तभी बदमाश हथियार लेकर स्कूल में पहुंच गया और क्लास रूम में जाकर बच्चों को डराने-धमकाने लगा। उस क्लास के शिक्षक की सूचना पर हेडमास्टर द्वारा उसे पकड़ा और तलाशी ली गयी। तब उसके पास से एक कट्टा बरामद किया गया। उसके बाद हेडमास्टर की ओर से तुरंत पुलिस को सूचना दी गयी। सूचना पर पुलिस पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया। कट्टा जब्त कर लिया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार युवक से कट्टा के बारे में पूछताछ की जा रही है।

लोगों को डराने के लिए घर में रखा था हथियार, पिस्टल के साथ गिरफ्तार

आरा। संदेश थाने की पुलिस ने हथियार के बल पर लोगों को डराने-धमकाने के एक शख्स को गिरफ्तार किया है। उसके घर से एक देसी पिस्टल और एक गोली बरामद किया गया है। गिरफ्तार शख्स सारीपुर गांव निवासी रामजी यादव है। हालांकि उसका पुत्र रंगबहादुर यादव भागने में सफल रहा। उसकी गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से प्रेस बयान जारी कर यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि गुरुवार की सुबह करीब साढ़े तीन बजे सूचना मिली कि संदेश के सारीपुर गांव निवासी रंगबहादुर सिंह अपने घर में हथियार रखा है और आसपास के लोगों को डराता-धमकाता रहता है। वह किसी अपराधिक वारदात को भी अंजाम देने वाला है। उस आधार पर उसकी गिरफ्तारी और हथियार की बरामदगी को लेकर एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। टीम में शामिल थानाध्यक्ष अवधेश कुमार द्वारा पुलिस बल के साथ छापेमारी कर रामजी यादव को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि उसका पुत्र रंगबहादुर यादव भाग निकला। तलाशी के दौरान उसके घर से एक देसी पिस्टल और एक गोली बरामद किया गया। इस मामले में दोनों पिता पुत्र के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

गोबर और कचरा फेंकने के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट, नौ लोग जख्मी

आरा। नवादा थाना क्षेत्र के जीरो माइल कृष्णापुरी मोहल्ले में गुरुवार की सुबह गोबर और कचरा फेंकने के विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। उसमें दोनों पक्षों के नौ लोग जख्मी हो गए। सभी का इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घायलों में एक पक्ष के 65 वर्षीय रामाधार यादव, उनकी पत्नी भुआरा देवी, पुत्र महेश यादव, गणेश यादव बहू चंद्रावती देवी और पोता विकास यादव शामिल है। दूसरे पक्ष के घायलों में मनोज राय, उनकी पुत्री काजल कुमारी और आंचल कुमारी शामिल है। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस द्वारा दोनों पक्षों के पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

घटना के संबंध में एक पक्ष के मनोज राय ने बताया कि उनके पड़ोसी रामाधार यादव के परिजनों द्वारा उनकी परती जमीन में गोबर और कचरा फेंका जाता था। उसके बाद जूठा भी फेंकने लगे। उन्होंने गोबर,कचरा और जूठा फेंकने से मना किया, तो कहासुनी हो गयी। उसके बाद रामाधार यादव द्वारा अपने परिवार वालों के साथ मिलकर तीनों बाप-बेटी की पिटाई कर दी गई। जिससे तीनों जख्मी हो गए। इधर, रामाधार यादव ने बताया कि मोहल्ले के एक व्यक्ति द्वारा मनोज राय के घर के आगे गिट्टी रखा गया था। मोहल्ले के दूसरे व्यक्ति द्वारा गिट्टी हटाकर बुधवार की रात अपनी गाड़ी को ले जाया गया।

गुरुवार की सुबह वह अपने दरवाजे पर चाय पी रहे थे। तब गाड़ी ले जाने वाला व्यक्ति आया और उनसे पूछा की गली में किसने गिट्टी गिराया है। उन्होंने कहा कि जाने दीजिए किसी का होगा। तभी मनोज राय की पत्नी बिना वजह उनसे उलझ गई। उसके बाद उन लोगों द्वारा सभी की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी गई। उससे सभी जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। इस मामले में दोनों पक्षों द्वारा नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक पक्ष के रामाधार यादव, महेश यादव और विकास यादव जबकि दूसरे पक्ष के मनोज राय और काजू राय को गिरफ्तार कर लिया है।

गया एयरपोर्ट से 9 करोड़ रुपये का 12.600 किलो सोना बरामद

केटी न्यूज/गया

गया एयरपोर्ट पर डीआरआई (राजस्व खुफिया निदेशालय) और कस्टम की टीम ने गुरुवार को सोने की तस्करी के एक बड़े मामले का खुलासा किया है। एयरपोर्ट पर 12 किलो 600 ग्राम सोना के साथ दो म्यांमार के नागरिक को पकड़ा गया है। आरोपी म्यांमार एयरवेज की विमान से बुधवार को सोना लेकर गया एयरपोर्ट पहुंचा था। खुफिया इनपुट पर डीआरआई और कस्टम की टीम ने दोनों विदेशी को सोना समेत दबोच लिया। उनके पास से दो अलग अलग बैग से 12 किलो 600 ग्राम सोना बरामद किया गया

जानकारी के अनुसार, पकड़े गए विदेशी नागरिक स्काई मार्शल बताए गए हैं, जो हवाई जहाज पर यात्रियों के सुरक्षा के लिहाज से तैनात किया जाता है। दोनों से पूछताछ के क्रम में लोकल मददगार के भी शामिल होने की बात सामने आई है। डीआरआई की टीम ने छापेमारी कर गया शहर से चार युवकों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है। बरामद सोने की कीमत बाजार में लगभग 9 करोड़ रुपए आंकी गई है।

आरोपी सोना तस्कर के गया स्थित आवास पर डीआरआई की छापेमारी में डॉलर होने की सूचना मिली है। सभी आरोपियों से गया एयरपोर्ट पर डीआरआई और कस्टम के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। इस मामले में एयरपोर्ट के कोई भी जिम्मेदार अधिकारी कुछ भी बताने से बच रहे हैं। एयरपोर्ट निदेशक बंगजीत साहा ने कहा कि कुछ लोगों से सोना बरामद होने की बात सामने आई है, पूछताछ हो रही है।

गौ ज्ञान फाउंडेशन की सूचना पर पुलिस ने पशुओं से भरे कंटेनर को किया जब्त

- गोह पुलिस ने दो तस्करों को किया गिरफ्तार, चालक फरार
- जब्त किए गए सभी 33 पशुओं को पुलिस ने देवकुंड गोशाला को किया सुपुर्द

केटी न्यूज/औरंगाबाद

गौ ज्ञान फाउंडेशन की सूचना पर गोह पुलिस ने पशु मेला के समीप से गुरुवार की दोपहर पशुओं से भरे एक कंटेनर को किया जब्त किया है।वही पुलिस को देखते ही चालक व सह चालक फरार हो गया।जबकि भाग रहे दो तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिए है। गिरफ्तार दोनो तस्करों की पहचान रोहतास जिले के सासाराम थानाक्षेत्र के मुरादाबाद निवासी मजहर नूरी व मो एकलाख कुरैशी के रूप में की गई है। जब्त की गई पशुओ की संख्या 33 बताई जा रही है।

मिर्ची और मैग्नीशियम सल्फेट का घोल लेकर चलते हैं तस्कर: गौ ज्ञान फाउंडेशन की लता अय्यर ने बताया कि सूचना मिली कि उत्तर प्रदेश से चोरी छिपे पशुओं को डिहरी ऑन सोन होते हुए नासरीगंज वाली सड़क से दाउदनगर होते हुए गोह के रास्ते कोलकाता ले जाया जा रहा था। जिसके बाद गोह पुलिस को सूचना दी गई सूचना मिलते हैं पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गोह स्थित पशु मेला से पशुओं से भरे कंटेनर को जप्त किया गया कर लिया। जब्त कंटेनर को देखा गया तो सभी पशुओं को कंटेनर में बांधकर ठूस ठूस कर भरा गया था। पशुओं को गिनती की गई तो टोटल 33 पशु पाए गए हैं। लता ने यह भी बताया कि पशु तस्करों द्वारा कंटेनर में अक्सर पशुओ को ले जाते समय मिर्ची और मैग्नीशियम सल्फेट का घोल लेकर चलते हैं। गाड़ी के अंदर पशुओं की आंख में मिर्ची डाला जाता है, जिससे वो बैठ नहीं सके। उन्हें मैग्निशियम सल्फेट का घोल पिलाया जाता है ताकि उनका मल-मूत्र बाहर न निकल सके। जिससे पशु तस्कर पकड़ में न आ सके। ऐसे पशुओं को इंजेक्शन भी लगाया जाता है ताकि वो आवाज ना करे। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि गौ ज्ञान फाउंडेशन के लता अय्यर के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई है जिसमें गिरफ्तार मजहर नूरी व मो एकलाख कुरैशी को आरोपी बनाते हुए जेल भेज दिया गया है।

चोरी गई बाइक सड़क किनारे से बरामद

औरंगाबाद। लावारिस हालत में एक बाइक नवीनगर पुलिस द्वारा बरामद किया गया है। जांच पड़ताल में उक्त बाइक चोरी का निकला जिसको लेकर बुधवार की शाम माली थाना क्षेत्र के एक युवक ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें युवक ने बताया कि वह पढ़ाई को लेकर नवीनगर आया हुआ था। लेकिन उसकी बाइक चोरी कर ली गई।

सभापति ने औरंगाबाद सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, मरीजों का जाना हालचाल

जिम्मेदारी से अपना काम करें कर्मचारी, लापरवाही न बरतें: सभापति

केटी न्यूज/औरंगाबाद

गुरूवार को सदर अस्पताल में बिहार विधानसभा पर्यटन उद्योग संबंधी समिति के सभापति व दरौली विधायक सत्यदेव राम, भाजपा से रोसड़ा विधायक वीरंद्र कुमार पासवान एवं राजद विधायक ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने सदर अस्पताल के सभी वार्डो का जायजा लिया। अस्पताल में बेहतर साफ-सफाई पर उन्होने सराहना भी की। कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जीविका दीदी के रसोइया द्वारा वार्डो में मेन्यू नहीं लगाये जाने पर कर्मियों पर सख्ती दिखायी और अविलंब मेन्यू लगाने का निर्देश दिया। वहीं रसोइया के बाहर जल-जमाव पर उसे ठीक करने का निर्देश दिया। सदर अस्पताल में नये भवन का हो रहे निर्माण पर उसे जल्द ठीक कर रसोइयां को शिफ्ट कराने का निर्देश दिया। वार्डो में भर्ती मरीजों से बातचीत की। सत्यदेव राम ने कहा कि अस्पताल के विधी व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। कमियों द्वारा बेहतर साफ-सफाई कि गयी है। कमी को देखते हुए जल्द ही ठीक करने का आदेश भी दिया गया।

अगर कोई भी कर्मी लापरवाही बरतते है तो उनकी जवाबदेही खुद होगी। सिविल सर्जन रविभूषण श्रीवास्तव ने कहा कि सभापति द्वारा अस्पताल का औचक निरीक्षण किया जिन्हें अस्पताल की व्यवस्था से अवगत कराया गया। भवन पुरानी होने के कारण कहीं-कहीं बदरंग हो गया है। उसे भी जल्द ही ठीक कराया जायेगा। डीपीएम मो. अनवर आलम ने कहा कि प्रसव वार्ड की व्यवस्था पहले से काफी बेहतर है। सिजेरियन को लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीम इसपर काम कर रही है। जल्द ही इसे भी ठीक करा दिया जायेगा। इस दौरान अस्पताल प्रबंधक हेमंत राजन, सौरभ कुमार सिंह उर्फ गोलू, विकास मिश्र, राहुल सिंह, समेत अन्य मौजूद थे।

डुमरांव में दो दिनों से कूड़े का उठाव ठप, चारों तरफ पसरी है गंदगी

केटी न्यूज/डुमरांव

शहर में लगातार दूसरे दिन भी कूड़े-कचरे का उठाव नहीं होने से स्थिति बद से बदतर हो गयी है। समझौते के अनुसार 12 तारीख से पूर्व वेतन नहीं मिलने से नाराज सफाईकर्मियों ने कूड़ा उठाव को ठप कर दिया है। जिस वजह से मुख्य बाजारों से लेकर कई मोहल्ले तक मे कचरों का अंबार लग गया है। शादी-विवाह के मौसम में स्वच्छ डुमरांव-सुंदर डुमरांव के सपनों पर एक बार फिर पानी फिर गया है। बावजूद एनजीओ और नगर परिषद प्रशासन कूड़ा उठाव को लेकर कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं कर पाया है। जिससे कई जगहों पर गंदगी के ढेर से बदबू उठने लगा है। सफाईकर्मियों के कूड़ा उठाव ठप करने से पूरे शहर में करीब 30 टन से अधिक कूड़ा-कचरा जमा हो चुका है। शहर के मुख्य बाजार गोला रोड, स्टेशन रोड, चौक रोड, पुराना थाना रोड, साफाखाना रोड, जंगल बाजार, हाथीखाना रोड, ठठेरी बाजार सहित कई कॉलोनियों के चहुंओर कचरा का अंबार लगा है, जिस वजह से लोगों की परेशानी चरम पर पहुंच गयी है। सफाईकर्मी मजदूर यूनियन के नेता संजय शर्मा ने बताया कि पूर्व में हड़ताल के दौरान नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अनिरुद्ध कुमार, चेयरमैन प्रतिनिधि सुमित गुप्ता, उपचेयरमैन विकास ठाकुर और एनजीओ प्रतिनिधि के साथ सभी मजदूर और सफाईकर्मियों की मौजूदगी में हर माह 12 तारीख से पूर्व वेतन देने का समझौता हुआ था बावजूद एनजीओ और नप प्रशासन ने कभी भी समय से वेतन भुगतान नहीं किया है। जिससे नाराज होकर सफाईकर्मियों ने कूड़ा उठाव करने से इंकार कर दिया। उन्होंने बताया कि चेयरमैन और नप प्रशासन के वादाखिलाफी और अड़ियल रवैये के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

लाखों खर्च के बावजूद सिफर है परिणाम

डुमरांव नगर परिषद स्वच्छता सर्वेक्षण में राज्य में अव्वल आने की कवायद में लगा है। सफाई कर्मियों पर हर महीने लाखों रूपए खर्च भी किए जा रहे है, ताकी स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रेटिंग मिल सकें। लेकिन नगर परिषद प्रशासन की इस कवायद पर सफाई कराने का जिम्मा संभालने वाले एनजीओ पानी फेर रहा है। एनजीओ की मनमानी से ही सफाईकर्मी हड़ताल पर उतारू हुए है। ऐसा नहीं कि यह पहला मौका है जब सफाई कर्मियों ने हड़ताल किया है। दो महीना पहले भी सफाईकर्मी इसी मुद्दे पर हड़तला कर चुके है। तब उन्हें आश्वासन भी मिला था। वही नगर परिषद प्रशासन ने एनजीओ को चेताया भी था। लेकिन नप प्रशासन की इस चेतावनी का एनजीओ पर कोई असर नहीं पड़ा। जिससे कई सवाल खड़े हो रहे है।

डुमरांव में वेंडिंग जोन निर्माण का मामला अधर में लटका, नप उदासीन

विभाग ने वापस ली आवंटित की गयी राशि

केटी न्यूज/डुमरांव

शहरी फुटपथियों के जीवनयापन के लिए बनाये जाने वाले वेंडिंग जोन का मामला पिछले पांच वर्षों से अधर में लटका हुआ है। नगर विकास व आवास विभाग ने इस योजना की नवनिर्माण के लिए करीब 31 लाख की राशि स्वीकृत की थी। विभाग ने टेंडर निकाले जाने के बाद 15 लाख 50 हजार की राशि आवंटित भी की थी, जिसे समय गुजरने के बाद विभाग ने वापस लें लिया। ऐसी स्थिति में सड़कों किनारे गुजर-बसर करने वाले फुटपाथी दुकानदारों की आंखे वेंडिंग जोन के छत के नीचे बैठने के लिए पथराने लगी है।

पूर्व में शहरी फुटपाथियों की मांग के बाद नगर परिषद प्रशासन ने इस योजना को क्रियान्वयन के लिए पुरजोर वकालत किया था। इस योजना से शहर के करीब 70 गरीब परिवारों को जोड़ा जाना था ताकि यह परिवार एक छत के नीचे बैठ कर अपना व्यवसाय कर सके। फुटपाथियों ने बताया कि वेंडिंग जोन के कामों में हो रही विलंब से गरीबो के बीच आक्रोश पनप रहा है। गरीब सशंकित है कि उनके सपने कब साकार होंगे। फुटपाथियों ने नप के इस स्थिलता पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।वेंडिंग जोन के निर्माण में 31 लाख 20 हजार की लागत आनी थी, जिसमें करीब 70 दुकानों का पहले फेज में निर्माण कराया जाना था। इसके लिए नया थाना के समीप बस पड़ाव की भूमि पर 755 हेक्टेयर भूमि को आवंटित भी की गयी थी लेकिन समय गुजरने के बाद विभाग ने पहले फेज में आवंटित की गयी 15 लाख 50 हजार की राशि वापस ले ली। बतादें कि वेंडिंग जोन मार्केट को आधुनिक सुविधाओं से लैश करना था।

मार्केट की स्वच्छता को लेकर चार सीट वाले शौचालय व स्नान घर बनना था। मार्केट पार्किंग, नाली, शेड से सुजज्जित भी होना था। नप प्रशासन मार्केट के चारों बगल डस्टबिन व शुद्ध पानी की मुहैया कराने के साथ सफाई को लेकर विशेष तौर पर नप प्रशासन सफाईकर्मियों की भी प्रतिनियुक्ति करने की कार्ययोजना थी।

खबरें फटाफट

चोरी के माल के साथ किराना दुकानदार गिरफ्तार

चौगाईं। मुरार थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव के एक किराना दुकानदार को पुलिस ने चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया है। वही उसे चोरी का माल बेचने वाले नाबालिग चोर की तलाश में पुलिस जुट गई है। जानकारी के अनुसार मुरार के पंकज सिन्हा तीन दिन पहले घर में ताला बंद कर अपने परिवार के साथ किसी शादी समारोह में चले गए थे। सोमवार को वे जब लौटे तो पता चला कि उनके घर चोरों ने हाथ साफ किया है। इस दौरान उनके घर से करीब 25-30 हजार नकद रूपए के साथ ही 10 क्वींटल चावल व गेहूं तथा अन्य कीमती सामानों की चोरी हुई है। पीड़ित ने इस संबंध में स्थानीय थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। तब पुलिस मामले की जांच में जुटी। इसी दौरान पुलिस को पता चला कि गांव के किराना दुकानदार अनिल साह के यहां किसी ने चावल व गेहूं बेचा है। इस सूचना पर मुरार पुलिस ने पंकज को साथ ले उक्त दुकानदार के यहां छापेमारी की। इस दौरान उसके दुकान से चोरी गए चावल व गेहूं के साथ ही बोरी भी मिला। जिसे पंकज ने पहचान लिया। चावल व गेहूं का मिलान भी हो गया। पुलिस ने अनिल को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उसने उक्त चोर का नाम बताया।

भंडाफोड़: चंडीगढ़ से पटना जा रही थी कंटेनर में लदी शराब की खेप

भूसी की आड़ में हो रही थी शराब तस्करी 1 करोड़ की शराब के साथ दो गिरफ्तार

- गुप्त सूचना पर नया भोजपुर ओपी पुलिस ने गोपालडेरा के पास पकड़ा ट्रक

केटी न्यूज/डुमरांव

जिले में शराब तस्करी का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरूवार को नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र में एक बार फिर से भारी मात्रा में शराब के साथ एक कंटेनर पकड़ी गई है। पुलिस ने ट्रक चालक व खलासी को भी तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। राजस्थान नंबर की ट्रक आर जे 46 जीए 5513 पर भूसी की आड़ में शराब की पेटियां छिपा तस्कर उसे निर्धारित ठिकाने पर पहुंचाने जा रहे थे। इसी दौरान गुप्त सूचना पर डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर के निर्देश पर नया भोजपुर ओपी पुलिस ने उक्त ट्रक को जब्त कर लिया है। ट्रक पर शराब की पेटियों के उपर भूसी रख तस्कर पुलिस को चकमा देने के फिराक में थे।

तस्करों की यह तरकीब कुछ देर के लिए काम भी कर गई थी। बक्सर के वीर कुंवर सिंह चेक पोस्ट को पार कर तस्कर नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र तक आ गए थे। लेकिन यहां पुलिस के आगे उनकी एक न चली। गिरफ्तार तस्करों में राजस्थान के बाडमेर के हेमराज राम व यशराज राम शामिल है। फिलहाल पुलिस अभी यह नहीं बता सकी है कि ट्रक पर कितनी पेटियां लदी है तथा उसकी कीमत कितनी है। पुलिस अभी पेटियों में भरे शराब की गिनती कर रही है। वही पुलिस का अनुमान है कि उक्त ट्रक से लगभग छह हजार लीटर शराब बरामद हुआ है। जिसकी कीमत एक करोड़ से अधिक है। बता दें कि इसके पहले ब्रह्मपुर व बक्सर के वीर कुंवर सिंह चेकपोस्ट पर पिछले तीन महीने के दौरान आधा दर्जन शराब लदे कंटेनर को जब्त किया जा चुका है। बावजूद तस्करों के दुस्साहस से कई सवाल खड़े हो रहे है।

पंजाब के सन साइन ट्रेडर्स का पेपर दिखा चकमा देने का प्रयास किए थे तस्कर: जानकारी के अनुसार डुमरांव एसडीपीओ को गुप्त सूचना मिली थी कि शराब लदी एक कंटेनर एनएच 922 के रास्ते गुजरने वाली है। इस सूचना पर उन्होंने एनएच 922 पर से जुड़े सभी थानों को अलर्ट कर दिया। जिसके बाद नया भोजपुर ओपी पुलिस टीम गोपालडेरा गांव क पास वाहन चेकिंग अभियान चलाने लगी। इसी दौरान राजस्थान नंबर की उक्त ट्रक आती दिखाई दी। पुलिस ने जब उक्त ट्रक को रोक पूछताछ शुरू की तो चालक व खलासी ने बताया कि इस पर भूसी लदी है। पुलिस ने जब कागजात की मांग की तो चालक ने सन साइन टेज्डर्स पंजाब का बिल्टी थमा दिया। जो भूसी के बदले चावल का था। जिसके बाद पुलिस का शक गहरा गया। पुलिस ने जब तलाशी लेनी शुरू की तो ट्रक पर उपर से रखे भूसी के थोड़ा नीचे से शराब की पेटियां मिलनी शुरू हो गई। जिसके बाद पुलिस ने चालक व खलासी दोनों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों ने पुलिस को बताया कि वे इस खेप को पटना लेकर जा रहे थे। हालांकि पुलिस को अभी तक मुख्य सरगना के नाम का पता नहीं चल सका है। बता दें कि इसके पहले भी पिछले तीन महीने में बरामद करीब छह बड़ी खेपों में भी पुलिस मुख्य तस्कर तक नहीं पहुंच पाई है।

क्या कहते हैं एसडीपीओ

गुप्त सूचना पर शराब से लदी एक ट्रक पकड़ी गई है। जो पंजाब के चंडीगढ़ से पटना जा रही थी। चालक व खलासी से पूछताछ कर मुख्य सरगना की पहचान की जा रही है। उसे जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। - **अफाक अख्तर अंसारी, एसडीपीओ, डुमरांव**

एक नजर

चौथी बार में गठित हुआ चौसा व्यापार मंडल, आशीष राय बने निर्विरोध अध्यक्ष

चौसा। गुरूवार को चौसा व्यापार मंडल का गठन किया गया। अध्यक्ष समेत सभी सात सदस्यों का चुनाव निर्विरोध संपन्न हो गया। रामपुर पैक्स अध्यक्ष आशीष राय को सर्वसम्मति से व्यापार मंडल का अध्यक्ष चुना गया। वही सभी सदस्यों का चयन भी इसी तरीके से आपसी सहमति से हुआ। बता दें कि इसके पहले तीन बार अध्यक्ष के चुनाव के बाद सात सदस्य पूरा नहीं होने पर व्यापार मंडल का गठन नहीं हो पा रहा था। जिस कारण प्रखंड क्षेत्र के किसानों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा था। चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए बीडीओ अशोक कुमार को निवार्ची पदाधिकारी बनाया गया था। निर्धारित समय पर सभी सदस्य प्रखंड मुख्यालय पर उपस्थित हुए। जहां नामांकन के बाद सभी पदों पर मात्र एक-एक उम्मीद्वार ही सामने आए तो बीडीओ ने सभी को निर्विरोध चयनित चयनित होने की घोषणा कर उन्हें प्रमाण पत्र निर्गत किया। बता दें कि चौसा को पहली बार नगर पंचायत बनाया गया है। जिस कारण यहां पहले से व्यापार मंडल नहीं था। इस बार प्रखंड क्षेत्र के नौ पैक्स तथा एक-एक दुग्ध उत्पादक व मधुमक्खी पालक समिति समेत कुल 11 सदस्यों का मतदाता सूची बना था। इसके पहले तीन बार अध्यक्ष तो बन जा रहे थे लेकिन व्यापार मंडल गठन के लिए जरूरी सात सदस्य नहीं मिल पा रहे थे। जबकि इस बार आशीष राय ने मानक को पूरा करते हुए अध्यक्ष पद पर कब्जा जमा लिया।

नया भोजपुर ने धनसोई को 3-1 से हराया

नावानगर। स्थानीय गांव के हाईस्कूल खेल मैदान में फुटबॉल टूनार्मेंट का दूसरा मैच खेला गया। जिसमें नया भोजपुर बनाम धनसोई के रोमांचक खेल हुआ। इस रोमांचक खेल में नया भोजपुर की टीम ने धनसोई की टीम को 3 -1 गोल से हरा दिया। इस तरह नया भोजपुर की टीम टूनार्मेंट के क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है। नवयुवक आजाद स्पोर्टिंग क्लब नावानगर द्वारा आयोजित मैच के पहले हाफ में नया भोजपुर टीम के एक गोल दागकर बढ़त बना लिया। खेल को बराबरी करने में धनसोई की टीम के खिलाड़ियों ने खूब पसीना बहाया। जिसका परिणाम दूसरे हाफ में खेल शुरू होने के पांचवें मिनट में धनसोई की टीम ने गेंद को नया भोजपुर टीम के गोलपोस्ट में पहुंचाकर खेल को बराबरी पर कर दिया। इस गोल के बाद नया भोजपुर के खिलाड़ियों के बेहतर खेल प्रदर्शन करते हुए हाफ टाइम के 15 मिनट में दूसरा गोल दाग दिया। इसके बाद धनसोई की टीम खेल को बराबरी करने की भरपुर कोशिश किया। पर खेल के अंत समय में नया भोजपुर टीम के एक और गोल दागकर 3-1 से विजय प्राप्त कर लिया। मैच का उद्घाटन जदयू के प्रदेश महासचिव, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ मु . शिराज ने किया। कमिटी के सचिव मुनर कुमार ने बताया कि टूनार्मेंट 10 जनवरी तक चलेगा।

रात्रि गश्ती के दौरान जीप में सोते एसआई को एसपी ने किया सस्पेंड

केटी न्यूज/डुमरांव

रात्रि गश्ती के दौरान पुलिस जीप में नींद फरमाते डुमरांव थाने के सब इंस्पेक्टर बंका चौधरी को एसपी ने सस्पेंड कर दिया। एसपी के इस आदेश के बाद थाने में पुलिसकर्मियों के बीच हड़कंप मच गया। एसपी मनीष कुमार ने सभी थानाध्यक्षों को रात्रि गश्ती में बरती जा रही लापरवाही को लेकर सख्त हिदायत दी है। बताया जाता है कि एसपी रात्रि पहर अपने मातहतों के कामकाज देखने को लेकर निकले।

इस दौरान बक्सर टाउन थाना, इटाढ़ी, मुफस्सिल और औद्योगिक थाने का मुआयना कर डुमरांव आ रहे थे। एसपी का वाहन जैसे ही डुमरांव थाने के करीब पहुंचा थोड़ी दूर पर डुमरांव पुलिस का वाहन खड़ा देखा, जब वहां पहुंचे तो रात्रि गश्ती ड्यूटि में निकले सब इंस्पेक्टर बंका चौधरी वाहन में ही सो रहे थे। यह देखते ही एसपी ने तत्काल सस्पेंड करने का हुक्म दे दिया। एसपी ने कहा कि सभी थानाध्यक्षों को रात्रि गश्ती को लेकर गंभीर बनने की चेतावनी दी गयी थी बावजूद लापरवाही सामने आयी। एसपी ने कहा कि किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही बरतनेवाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी।

घटना को अंजाम देने के पहले नाबालिग समेत तीन गिरफ्तार

केटी न्यूज/बक्सर

टॉउन थाने की पुलिस ने बुधवार की मध्य रात्रि नगर के पांडेयपट्टी के पास से तीन नवोदित अपराधियों को मैग्जिन लोडेड देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया। उनमें एक नाबालिग भी शामिल है। पुलिस ने उनकी बुलेट बाइक तथा चार एंड्रायड मोबाईल फोन भी जब्त किए है। गिरफ्तार सभी सिमरी थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव के रहने वाले है। गुरूवार को एसपी मनीष कुमार ने प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी। गिरफ्तार अपराधियों में सिमरी खैरापट्टी के अशोक खरवार का पुत्र सूरज खरवार, दुधीपट्टी के भोला राय के पुत्र विशाल राय तथा एक नाबालिग शामिल है। एसपी ने बताया कि तीनों एक रॉयल इनफिल्ड बुलेट बाइक पर सवार हो किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने जा रहे थे। इसी दौरान रात्रि गश्ती में निकली नगर थाने की टीम की नजर उनपर पड़ गई। पुलिस ने जब उन्हें रूकने का इशारा किया तो तीनों बुलेट से उतर भागने लगे। इसके बाद पुलिस ने तीनों को दौड़ाकर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान सूरज के कमर से कंट्री मेड पिस्टल मिला। जो मैग्जिन लोडेड था। वही उनके पास से कुल चार स्मार्ट फोन भी मिले है। पुलिस ने बुलेट बाइक को भी जब्त कर लिया है। आवश्यक पूछताछ के बाद दोनों बालिग अपराधियों को जेल जबकि नाबालिग को बाल सुधार गृह भेजा गया। हलांकि उनकी क्या मंशा थी तथा वह किस अपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में थे, इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है।

सीताराम विवाह महोत्सव: पांचवे दिन जनकपुर प्रवास व नगर भ्रमण का हुआ जीवंत मंचन

सत्संग से मति, कीर्ति, भलाई और गति मिलती है: देवाचार्य

केटी न्यूज/बक्सर

बक्सर के नई बाजार में चल रहे सीताराम विवाह महोत्सव के पांचवे दिन रामलीला मंडली ने भगवान श्रीराम व लक्ष्मण के जनकपुर प्रवास तथा जनकपुरी नगरी के भ्रमण का जीवंत मंचन किया। इस दौरान कलाकारों की प्रस्तुति से उपस्थित सैकड़ो श्रद्धालुओं ने करतल ध्वनियों से हौसला अफजाई की। इसके पहले पूज्य श्री खाकी बाबा सरकार के पुण्य स्मृति में आयोजित होने वाले 54 वें श्री सीताराम विवाह महोत्सव में सुबह से ही विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए। वही दामोह की संकीर्तन मण्डली द्वारा नव दिवसीय अखण्ड अष्टयाम हरिकीर्तन भी जारी रहा। जबकि राष्ट्रपति पदक प्राप्त ब्रज कोकिल स्वामी फतेह कृष्ण शर्मा के निर्देशन में रासलीला में नरसी भगत की लीला का मंचन किया गया। नरसी भगत की लीला का जीवंत मंचन देख हजारो भक्त-श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। लीला में दिखाया गया कि किस तरह से भगवान अपने भक्त की लाज बचाते हैं। नरसी जी हर समय भगवान का भजन करते रहते हैं। उनकी बेटी की ससुराल से भारी भरकम दहेज मंगवाने की बात उनके पास भेजी जाती है। नरसी जी गरीबी से परेशान हैं। उनकी समझ में नहीं आ रहा कि वे अपनी पुत्री की ससुराल में भेजी गई लिस्ट के अनुसार किस तरह से दहेज लेकर जाएं। उन्हें पता चलता है कि नगर में एक सेठ आया है और वह उन्हें कर्जा दे सकता है। वे कर्जा मांगने सेठ के पास जाते हैं। वहां भगवान श्री कृष्ण सावरिया सेठ के नाम से उन्हें बैठे मिलते हैं। सेठ रूपी श्रीकृष्ण जी उन्हें हुंडी (रुपयों की पर्ची) लिखकर देते हैं ओर उनसे कहते हैं कि वे अपनी पुत्री की ससुराल में जाकर वहां के मुनीम से जो भी सामान चाहे वे ले लें। नरसी भगत अपने साथ संतों को लेकर अपनी पुत्री की ससुराल पहुंच जाते हैं। जहां कृष्ण ने अपनी लीला से सभी वस्तुएं प्रदान कर दी जो उसे चाहिए था।

सत्संग मानव जीवन का सर्वश्रेष्ठ फल - वहीं श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन मलूक पीठाधीश्वर जगतगुरु श्री राजेंद्र देवाचार्य जी महाराज ने कहा कि सत्संग मानव जीवन का सर्वश्रेष्ठ फल है। उन्होंने कहा कि सत्संग करने अथवा सुनने से मनुष्य के विचार, बुद्धि, कर्म और आचरण बदल जाते हैं। उन्होंने कहा कि जब तक कर्मों की पूंजी है, इसका सुख भोग लो। मृत्युलोक और मानुष तन देवों से भी श्रेष्ठ है। इस चोले को पाने के लिए देवता भी तरसते हैं। महाराज ने कहा कि सत्संग से मति, कीर्ति, भलाई और गति मिलती है। इस दौरान बृज बिहारी दास, बनवारी दास, मकान बाबा, मधुसूदन दास, वेदाचार्य, हनुमत शरण, युगल शरण, पवन शरण, यादवेंद्र सरकार, गंगा पुत्र त्रिडंडी स्वामी जी महाराज, गिरधर सरन उपस्थित थे।

धान खरीदारी में अनियमितता नहीं होगी बर्दाश्तः पूर्व विधायक

केटी न्यूज/चंदौली

समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू धान खरीद में व्याप्त अनियमितता को लेकर गुरुवार को एक बार फिर मुखर नजर आए। उन्होंने किसानों की शिकायत पर डीएम से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को मजबूती के साथ रखा। बताया कि किसानों ने जितना धान क्रय केन्द्र पर बेचा था उसके सापेक्ष उनके खाते में खरीद का पैसा नहीं आया है। क्रय केंद्र प्रभारियों द्वारा बड़े पैमाने पर खरीद में गड़बड़ी की जा रही है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान मनोज सिंह डब्लू ने एक किसान का जिक्र करने हुए बताया कि किसान द्वारा 80 बोरा धान यानी

❒ पूर्व विधायक ने लगाया आरोप- धान क्रय केंद्र प्रभारी कर रहे हैं गड़बड़ी

32.96 कुंतल क्रय केन्द्र पर बेचने का काम किया था। लेकिन, उनके खाते में 30 कुंतल धान का पैसा ही आया। इससे किसान परेशान है। यह मात्र एक नजीर है, ऐसे न जाने कितने किसान जनपद में हैं, जिन्होंने अधिक मात्रा में धान बेचा। लेकिन उसके सापेक्ष कम भुगतान उन्हें प्राप्त हुआ। क्रय केन्द्र प्रभारियों द्वारा किसानों ने खरीद के नाम पर मनमाने ढंग से कटौती की जा रही है, उनसे खरीद के एवज में धन की मांग की जा रही है और यह सबकुछ भ्रष्टाचार खुलेआम हो रहा है। पिछले दिनों भी ऐसा मामला सामने आ चुका है,

बावजूद इसके खरीद में व्याप्त भ्रष्टाचार कम होने का नाम नहीं ले रहा है। डीएम ने इस समस्या को गंभीरता से लिया और जांच कर उचित कार्यवाही करने का भरोसा दिया। डीएम से मुलाकात कर बाहर आने के बाद पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू ने कहा कि यदि किसी किसान को कम पैसा मिला है, या उसे धान बेचने के नाम पर पैसे की मांग की जा रही है,अथवा उसे परेशान किया जा रहा है तो अपनी शिकायत से मुझे अवगत कराए।

किसानों के लिए वरदान साबित हो रही नैनो यूरिया और डीएपी

चंदौली। जिला मुख्यालय स्थित नवीन कृषि मंडी परिषद के इफको किसान सेवा केंद्र बृहस्पतिवार को किसानों की बैठक हुई।इसमें किसानों को नैनो यूरिया के साथ-साथ नैनो डीएपी छिड़काव करने के फायदे पर चर्चा की गई। इस दौरान उप महाप्रबंधक राजेंद्र यादव ने नैनो यूरिया और डीएपी किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। इसका छिड़काव करने से पौधों को सभी तत्व प्राप्त हो जाते हैं। किसानों को अच्छा मुनाफा होता है। इससें किसानों के लागत में भी कमी आती है और पैदावार में भी बढ़ोतरी होती है। इफको सेवा केंद्र चंदौली ने बेहतर प्रदर्शन किया है ऐसे में अधिकारी व किसान बधाई के पात्र है। केंद्र से अभी तक 2200 बोतल नैनो डीएपी और 3100 बोतल यूरिया की बिक्री हुई है।इसके चलते केंद्र ने प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया है इसमें किसानों का सबसे बड़ा योगदान है।इस दौरान सरोज कुमार सिंह, अभिषेक त्रिपाठी, मंयक सिंह उपस्थित रहे।

एक नजर

अपनी मांगों को लेकर डाक सेवकों का अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन जारी

गाजीपुर। अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ के आह्वान पर अपनी मांगों के समर्थन में तीन दिनों से डाक सेवकों का अनिश्चितकालीन सभी उप डाकघरों पर धरना -प्रदर्शन जारी है। उप डाकघर देवकली पर तीसरे दिन संघ के मंडलीय सचिव आरडी मिश्रा के नेतृत्व मे धरना- प्रदर्शन आयोजित किया गया। धरना सभा को संबोधित करते हुए मण्डलीय सचिव आरडी मिश्रा ने कहा कि जब हमारी मांगें पूरी नहीं होगी तबतक अनिश्चित कालीन धरना- प्रदर्शन जारी रहेगा। चाहे इसके लिए कुबार्नी क्यों न देना पड़े। मुख्य मांगों में आठ घंटे की डयूटी तथा पेंशन की सुविधा,ग्रेज्यूटी डेढ़ लाख से पांच लाख तक करने, चिकित्सा सुविधा,180 दिनों की अर्न लीव, पांच लाख का ग्रुप इन्सूरेंन्स आदि प्रमुख है। इस अवसर पर प्रेमशंकर तिवारी, विजय शर्मा, भीम राम, चन्द्रमा यादव, रामानन्द, श्यामनारायण यादव, विमला देवी, विक्रमा कुशवाहा, संजय यादव आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद थे।

ऐतिहासिक भितरी विजय स्तंभ को देखने पहुंचे उपजिलाधिकारी निशांत उपाध्याय

गाजीपुर। देवकली ब्लाक स्थित ऐतिहासिक स्थल भितरी, जो इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों से अंकित है। खुदाई में मिले दुर्लभ अवशेष दिल्ली, जयपुर व सारनाथ सहित देश के अनेक संग्रहालयों मे सुरक्षित है। उपजिलाधिकारी निशांत उपाधाय ने अचानक भितरी कस्बे में जाकर ऐतिहासिक स्थल, खुदाई स्थल, विजय स्तम्भ, अशोक लाट का अवलोकन किया तथा समाजसेवी सनाउल्लाह शन्ने के साथ 35 मिनट तक मौजूद रह कर समस्याओं से संबधित जानकारी ली। साफ- सफाई, पेयजल, प्रकाश की ब्यवस्था करने के लिए संबधित लोगों को निर्देशित किया। बताते चलें कि समाजसेवी सनाउल्लाह शन्ने एक दशक पूर्व से ऐतिहासिक खुदाई स्थल भितरी के उत्थान के लिए प्रयासरत हैं।उनके प्रयासों की वजह से देश के गृहमंत्री अमित शाह ने संज्ञान लिया है। शन्ने ने बताया की लगभग दो हजार साल पूर्व वीर सम्राट स्कंदगुप्त ने उन बर्बर हुड़ों को परास्त किया था। जिनके बर्बर आतंक से पूरी दुनिया थरथर कापती थी। उन हुड़ों से बचने के लिए चीन ने चीन की दीवार का निर्माण कराया। बाहुबली फि ल्म भी वीर सम्राट स्कंदगुप्त पर आधारित है। अभी कौन बनेगा करोड़पति में भी सवाल किया गया था। साथ में शैलेश कुमार, सफदर अली बाबर, एकलाख अन्सारी, फैयाज अहमद, मो० वाहिद, नेहाल अहमद सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

बीसी सखी योजना की प्रगति की सीडीओ ने बैठक में की समीक्षा

गाजीपुर। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत कार्यरत बीसी सखी योजना के प्रगति समीक्षा के लिए विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें जनपद के 16 विकास खंडों से अच्छे कार्य करने वाले कुल 80 बीसी सखी द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बीसी सखियों से उनकी समस्याओ के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए उसके त्वरित निस्तारण के लिए बैंकिग पार्टनर पे-नियरबाई के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बीसी सखियों द्वारा बताई गई प्रमुख समस्याओं - टीडीएस कटौती पांच हजार तक की ही निकासी की अनुमति होना। डीवाईस खराब होना एवं बैंकिग पार्टनर का अपेक्षित सहयोग न मिलना। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पे- नियरबाई के उपस्थित अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त की गई व निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह के अन्दर बीसी सखियों का पूर्णतः सहयोग करते हुए इनकी समस्त समस्याओं का निराकरण किया जाए। बैठक में उपस्थित पे-नियरबाई के अधिकारियों द्वारा आश्वस्त किया गया कि आगामी सप्ताह से प्रत्येक विकास खंड में कैंप का आयोजन करते हुए बीसी सखियों को जागरूक करते हुए उनकी समस्त समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पे-नियरबाई के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि माह दिसम्बर 2023 में जनपद की कुल 989 आपरेशनल बीसी सखियों की अनिवार्य रूप से सक्रिय करते हुए मानक के अनुसार माह में प्रति बीसी सखी कम से कम 15 ट्रांजेक्शन कराया जाए। किसी भी दशा में कोई भी बीसी सखी इनेक्टिव नहीं होनी चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त बीसी सखियों को नियमित रूप से ट्रांजेक्शन करने के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रत्येक विकास खंड से अच्छा कार्य करने वाली कुल 16 बीसी सखी को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया।

खबरें फटाफट

पेंशनर्स दिवस पर आयोजित होगी गोष्ठी

चंदौली। जनपद के सभी कार्यालय अध्यक्षों एवं कोषागार से पेंशन पाने वाले समस्त पेंशनरों की बैठक 17 दिसंबर को कलेक्ट्रेट सभागार में गोष्ठी आयोजित की जाएगी। यह जानकारी वरिष्ठ कोषाधिकारी हरिश्चंद्र ने देते हुए बताया कि एडीएम की अध्यक्षता में पेंशनर दिवस पर गोष्ठी आयोजित की जाएगी। जिसमें पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनर व उनके परिजन समय से उपस्थित रहे।

इमरान सिद्दीकी बने राष्ट्रीय सचिव

चंदौली। समाजवादी अधिवक्ता प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कन्हैया पाल ने नेगुरा गांव निवासी इमरान सिद्दीकी को राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया है। साथ ही अधिवक्ता व पार्टी की कार्यकताओं ने खुशी जाहिर की। इस दौरान राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि जो जिम्मेदारी मिली है उसका निर्भरनी ईमानदारी और निष्ठा के साथ करूंगा। इस दौरान अजय कुमार मौर्य बलराम यादव सहित तमाम लोग उपस्थित है।

डीएम से मिला अनुदेशक संघ

चंदौली। उच्च प्राथमिक अनुदेशक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को जिलाधिकारी से मुलाकात की। मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान अनुदेशकों कहा कि समस्याओं के समाधान के लिए कई बार शासन को अवगत कराया गया। लेकिन, आज तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं की। अनुदेशकों के मांगों को तत्काल पूरा किया जाए नहीं तो अनुदेशक सड़क पर उतरकर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान विकास यादव, सतनारायण प्रसाद, बृजेश सिंह,अभिषेक सिंह उपस्थित रहे।

सर्विस लेन का अभाव, हो रहे हादसे

गाजीपुर। रामपुर माझां थाना क्षेत्र के देवकली बाजार कट के पास फोरलेन पर सायंकाल छह बजे सड़क हादसा हो गया। हादसे में रोडवेज बस से सोन्हुली ग्राम निवासी लाल मुहम्मद (60) के सिर में गंभीर चोट लगने से बुरी तरह घायल हो गए। घटना के बाद इलाज के लिए एम्बुलेंस से सैदपुर हास्पीटल भेजा गया। जहां हालत गंभीर बनी हुई है। हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर बीएचयू रेफर कर दिया गया। रोडवेज चालक बस लेकर फरार हो गया। प्राप्त सूचना के अनुसार नंदगंज थाना क्षेत्र के सोन्हुली गांव के निवासी लालमुहम्मद साइकिल से कट के पास सड़क क्रास कर रहे थे। गाजीपुर की ओर से आ रही रोडवेज बस से धक्का लग जाने से सिर तथा शरीर के अन्य भाग मे गंभीर चोटें आई। रोडवेज चालक बस लेकर फरार हो गया। राहगीरों ने एम्बुलेंस से इलाज के लिए सैदपुर हास्पीटल भेजा। जहां हालत गंभीर होने पर बीएचयू ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। देवकली बाजार में न तो सर्विस लेन बनाया गया, न तो तोड़ी गई नाली का ही निर्माण एनएचआई द्वारा किया गया। जिससे एक सप्ताह के अन्दर यह चौथी घटना घटी है।

अफजाल अंसारी को हाईकोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट के तहत ठहराया था दोषी

सुप्रीम कोर्ट ने अफजाल अंसारी को दी बड़ी राहत, सजा पर लगाई अंतरिम रोक

- अफजाल अंसारी की सांसदी बहाल होने का खुलेगा रास्ता
- बाहुबली नेता मुख्तार अंसारी के छोटे भाई हैं अफजाल

केटी न्यूज/नई दिल्ली/गाजीपुर

अफजाल अंसारी को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत दी है। गैंगस्टर एक्ट में उनकी सजा पर फिलहाल रोक लग गई है। इसके साथ ही अफजाल की सांसदी की बहाल होने का रास्ता भी खुल गया है। सुप्रीम कोर्ट ने अफजाल की सजा पर फिलहाल रोक लगा दी है और इलाहाबाद हाई कोर्ट से जून 2024 तक सुनवाई पूरी करने के लिए कहा है। कोर्ट ने अफजाल की गैंगस्टर एक्ट में सजा पर फिलहाल रोक लगा दी है। इसका बड़ा असर ये होगा कि अफजाल की सांसदी बहाल होने का रास्ता खुल जाएगा। अफजाल अंसारी बाहुबली नेता मुख्तार अंसारी के छोटे भाई हैं।

2019 के लोकसभा चुनाव में अफजाल ने बसपा के टिकट पर गाजीपुर सीट से मनोज सिन्हा को शिकस्त दिया था। वर्तमान समय में मनोज सिन्हा जम्मू-कश्मीर के

उपराज्यपाल पद पर आसिन हैं। इसी साल अप्रैल में अफजाल अंसारी को कोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट के तहत दोषी ठहरा दिया गया था। कोर्ट ने उन्हें 4 साल की सजा दी थी। लिहाजा जनप्रतिनिधित्व कानून के तहत उनकी सांसदी भी चली गई। लोकसभा से उनकी सदस्यता रद्द कर दी गई। अफजाल अंसारी ने इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की और कोर्ट ने अब उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगा दी है। साथ ही इलाहाबाद हाई कोर्ट से कहा है कि 30 जून 2024 से पहले सुनवाई पूरी की जाए। जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस उज्जल भुयन की खंडपीठ ने अफजाल के केस पर सुनवाई की. 2-1 से फैसला अफजाल के पक्ष में रहा। अफजाल अंसारी के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कोर्ट के सामने उनके पक्ष में वही दलील दी, जिसके दम पर राहुल गांधी को मानहानि केस में सुप्रीम कोर्ट में राहत मिली थी. कहा कि अगर अफजाल की दोषसिद्धि पर रोक नहीं लगाई गई तो उनका लोकसभा क्षेत्र संसद में प्रतिनिधित्व से वंचित रह जाएगा। अदालत ने राहुल गांधी के केस में भी इस दलील को कंसीडर किया था और इस केस में भी लिहाजा अफजाल की दोषसिद्धि पर रोक लगी और अब इसके आधार पर वो लोकसभा में अपनी सदस्यता बहाली के लिए भी

पक्ष रख सकते हैं। सिंघवी ने कोर्ट के सामने ये भी कहा कि अफजाल संसद की कई समितियों के सदस्य हैं। उनकी सदस्यता रद्द होने से वे इन समितियों में भी योगदान नहीं दे पाएंगे।

विधान सभा के सदस्य के रूप में राजनीतिक शुरुआतः अंसारी ने अपने राजनीतिक करियर की शुरूआत कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया से की थी। उन्होंने पहली बार 1985 में उत्तर प्रदेश विधान सभा का चुनाव लड़ा और 3,064 वोटों के अंतर से चुनाव जीता था। 1985 से लेकर 2002 तक, अंसारी ने मोहम्मदाबाद विधानसभा क्षेत्र के लिए विधान सभा के सदस्य के रूप में पांच कार्यकाल पूरा किया था। इलाके में अपनी पकड़ बनाये रखी थी। अपने हर विरोधियों को चुनावी अखाड़े में धुल चटाते रहते थे। उनके समक्ष हर पार्टी अपना दांव-पेंच भूल जाती थी।

संसद में भी दिखाया अपना दम खम, मनोज सिन्हा तक को पछाड़ाः अफजल अंसारी ने 2004 में लोकसभा का आम चुनाव समाजवादी पाटी से लड़ा। इस चुनाव में मनोज सिन्हा जो भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार थे उन्हें 226,777 वोटों के अंतर से शिकस्त दी। अफजल अंसारी 2009 में हुए आम चुनाव बहुजन समाज पार्टी राधे मोहन सिंह से हार गए।

कुछ राजनीतिक मतभेदों के बाद, अंसारी ने बहुजन समाज पार्टी छोड़ दी और कौमी एकता दल नामक एक नई राजनीतिक पार्टी की स्थापना की और इसके सचिव के रूप में कार्य किया। बहुजन समाज पार्टी में विलय से पहले अंसारी 2019 में बसपा में फिर से शामिल हो गए और गाजीपुर में आम चुनाव लड़ा। उन्होंने सीट जीती और गाजीपुर से 17वीं लोकसभा सदस्य बने।

समीक्षा बैठक में बोले चंदोली डीएम... शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करें अधिकारी

केटी न्यूज/चंदौली

ग्राम्य विकास विभाग की समीक्षा बैठक गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इसमें अमृत सरोवर,आधार सीडिंग, पीएम ग्रामीण आवास योजना, सीएम आवास योजना,खेल के मैदान की उपलब्धता एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन के मंशा के अनुरूप कार्य करें। इस दौरान डीएम निखिल टी. फुंडे ने सभी ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर के निर्माण की प्रगति के बारे में जानकारी ली।

डीसी मनरेगा ने कहा कि 734 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष 439 अमृत सरोवर निर्मित व निमार्णाधीन हैं और शेष 285 अभी तक चिन्हित नहीं है। अबतक सिर्फ विकास खंड सदर में एक एकड़ के सभी तालाब

को अमृत सरोवर बनाया जा चुका है। डीएम ने इस संबंध में सभी बीडीओ को समीक्षा कर शेष अमृत सरोवर को यथाशीघ्र बनवाने का निर्देश दिया साथ ही सभी बीडीओ को ग्राम पंचायतवार रिपोर्ट उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। इसके साथ ही डीएम ने सभी पंचायत भवनों के दस से पांच तक खुले रहने के निर्देश दिए साथ ही सभी पंचायत भवनों पर बी सी सखी के बैठने की व्यवस्था के निर्देश दिए। इस दौरान एस एन श्रीवास्तव ने आधार सीडिंग,पीएम ग्रामीण आवास योजना, सीएम आवास योजना के तीव्र गति से निर्माण एवं प्रत्येक ग्राम पंचायतों में खेल के मैदान उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, डीसी मनरेगा, डीडीओ एवं बीडीओ एवं पीडी डीआरडीए आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

मौसेरी बहन की शादी से लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

केटी न्यूज/चंदौली

मुगलसराय कोतवाली अंतर्गत पड़ाव बहादुरपुर रोड पर गुरुवार को मिट्टी लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से सुजाबाद निवासी बाइक सवार विनोद साहनी (25) की मौत हो गई। वहीं बाइक पर बैठा दूसरा युवक शिवचरण (25) गंभीर रूप से जख्मी हो गया। विनोद अपनी मौसी के लड़की शादी में शामिल होने के बाद वापस लौट रहा था। घटना के बाद जब तक लोग जुटते चालक वाहन छोड़कर भाग निकला। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। वहीं मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई शुरू की है। पुलिस ट्रैक्टर को जलीलपुर पुलिस चौकी पर ले आई है। सुजाबाद गांव निवासी विनोद साहनी पुत्र लालचंद साहनी के मौसी के बेटी की शादी चंदौली में थी। शादी में शरीक होने के लिए वह गांव के

ही अपने मित्र शिवचरण को साथ लेकर चंदौली गया था। शादी से लौटने के दौरान बहादुरपुर गांव के समीप पहुंचा था कि पीछे से मिट्टी लादकर आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे विनोद साहनी ट्रैक्टर के नीचे आ गया। वहीं पीछे बैठा शिवचरण धक्के से दूर जा गिरा। इस घटना में दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। शिवचरण में घटना की सूचना परिवार वालों को दी। सूचना पाकर पहुंचे परिजनों के साथ पुलिस भी पहुंच गई। दोनों को बीएचयू ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया। यहां चिकित्सकों ने विनोद को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

अर्थदंड समय से जमा न किए जाने पर आरसी के माध्यम से होगी वसूली

मिलावटखोरों पर नकेल, 53 दुकानदारों पर लगा अर्थदंड

केटी न्यूज गाजीपुर

जनपद के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत खाद्य पदार्थो के नमूने संग्रहित कर जांच के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला उत्तर प्रदेश प्रेषित किए गए थे। जॉच के पश्चात खाद्य पदार्थो में मिलावट की पुष्टि खाद्य विश्लेषक द्वारा की गई थी। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा रिपोर्ट प्राप्त करने के उपरान्त अपर जिलाधिकारी / न्याय निर्णायक अधिकारी गाजीपुर के न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया गया था। अरुण

कुमार सिंह न्याय निर्णायक अधिकारी गाजीपुर के न्यायालय द्वारा सम्यक विचारोपरान्त 53 वादों पर छः लाख एक हजार रुपए मात्र के अर्थदंड अधिरोपित किया गया हैं। अर्थदंड समय से जमा न किए जाने पर आरसी के माध्यम से वसूली की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बेचन गुप्ता पुत्र सुभाष गुप्ता निवासी तुलसीया का पुल पोस्ट-मारकीनगंज थाना-कोतवाली गाजीपुर नकली लड्डू विक्रय करने पर 12 हजार का अर्थदंड लगाया गया है। विदित हो कि आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश के आदेश एवं डीएम गाजीपुर के निर्देश पर जन स्वास्थ्य के दृष्टिगत दिनांक 11 व 12 दिसंबर को गाजीपुर स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों में जॉच किया गया था। निरीक्षण के समय हलाल प्रमाणन युक्त खाद्य पदार्थ नहीं पाये गये। खाद्य कारोबारकताओं को सचेत किया गया कि भविष्य में भी हलाल प्रमाणन युक्त खाद्य पदार्थ पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के अन्तर्गत कठोर विधिक कार्यवाही की जाएगी। संग्रहित नमूने जॉच के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला प्रेषित किये जा रहें है। जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के अन्तर्गत विधिक कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के खाद्य सचल दल का नेतृत्व आरपी सिंह मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा किया गया, टीम में अवधेश कुमार, विरेन्द्र यादव सहित शामिल थे।